दीपावली के दिन घर पहुंचने में यात्रियों की मददगार बनीं डीडीयू से गया के लिए चलाई गईं दो स्पेशल ट्रेनें

गयाजी। दीपावली के दिन यात्रियों को अपने घर एवं गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से गया जंक्शन के लिए दो अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।

मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देशानुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर यात्रियों की संख्या एवं उनकी आवाजाही की स्थिति की लगातार निगरानीकी गई। इस दौरान यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर इन दोनों स्पेशल ट्रेनों का परिच. ालन सुनिश्चित किया गया। इसका उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा कर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने वाले ऐसे यात्रियोंके साथ-साथ स्थानीय यात्रियों को भी गया जी की ओर स्थित उनके गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना था।यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों स्पेशल ट्रेनों के प्रस्थान से पहले स्टेशन के प्लेटफार्मों पर रेलकर्मियों की टीमें तैनातकी गई थीं। लंबी दूरीकी ट्रेनों से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने वाले और गया जंक्शन की ओर जाने के इच्छुक यात्रियों को लगातार उद्घोषणाओं के माध्यम से स्पेशल ट्रेनों की जानकारी दी गई। पहली स्पेशल ट्रेन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सुबह 10.25 बजे गया जंक्शन के लिए रवाना हुई, जिसमें ल.भग 3000 यात्रियों ने प्रस्थान किया। दूसरी स्पेशल ट्रेन दोपहर 15. 20 बजे रवाना हुई, जिसमें लगभग 900 यात्रियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से गया जंक्शन की ओर प्रस्थान किया। इस प्रकार दोनों ट्रेनोंसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से कुल लगभग 3900 यात्रियों ने गया जंक्शनकी ओर यात्रा की। इन ट्रेनोंका ठहराव चंदौली मझवार, भभुआ रोड, कुदरा, सासाराम, डेहरी आन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज एवं गुरारू स्टेशनों पर दिया गया है, जिससे मार्ग के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिली।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की निकाली गई झांकी

इमामगंज (संसू)। प्रखंडके जीएल मेमोरियल अकादमी उजियार बहेरा में विद्यालय के बच्चों द्वारा छठ पूजा का झांकी प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने छठ पर्व के प्रसिद्ध प्रसाद ठेकुआ, नारियल, ईख, फल इत्यादि प्रसादों से पूजा की और डूबते एवं उगते सूर्य की आर्ग समर्पित किया। विद्यालय के निदेशक अरविन्द कुमार प्रभात ने बताया कि छठ पर्व के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है की बच्चों को बिहारकी गौरव, लोक आस्था, एवं संस्कृति से जोड़ना, आज देखा जा रहा है कि लोग सोशल मीडियाके दौर में मोबाइल में उलझे हुए हैं और अपनी संस्क्रति को भूलते जा रहे हैं, लोगों में उदासीनता आ गई है। इससे समाज में भी संदेश जाता है ताकि लोग अपनी आस्था को जीवित रखें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रामबली पांडेय, राजेश पाठक, रुक्की रंजन, पिंटू कुमार, अर्चना कुमारी, अंशिका कुमारी, प्रीति कुमारी, चिंता कुमारी, ब्यूटी कुमारी, दीपशिखा कुमारी, अनीता कुमारी, आरती कुमारी, रणधीर कुमार, आशुतोष कुमार, करीना कुमारी, भी मौजूद थे।

जमीनी विवादमें दो पक्षोंके बीच मारपीट, एक गिरफ्तार

मोहनपुर (ससू)। मोहनपुर थाना क्षेत्रके लखैयपुर गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षोंके बीच मारपीट हुई थी । इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदनपर अलग-अलग मामला दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने रविवार शाम चार बजे बताया कि बालमुकुंद प्रसाद और सुकलदीप प्रसाद की ओर से आवेदन दिया गया है। मारपीट में दोनों पक्षों से दो-दो लोग घायल हुए हैं। पुलिसने इस मामले में आरोपी पंकज प्रसाद को थाना परिसर से गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर जुटी है।

दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

फतेहपुर (आससे)। फतेहपुर थाना क्षेत्र के रसुना मोड़ के पास गया-रजौली एसएच-70 मुख्य सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया।

बताया गया है कि एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर फतेहपुर से गया की ओर जा रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार युवक गया से फतेहपुर आ रहा था। इसी दौरान रसूना मोड़ के पास दोनों बाइकें आपसमें टकरा गईं। इस हादसे में दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगोंकी मदद से घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों को गया रेफर कर दिया।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामलेकी जांच शुरूकर दी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि घायल युवक फतेहपुर थाना क्षेत्रके गणेशीडीह गांवके रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

सामुदायिक भवनको देख आने वाली पीढ़ी जगदेव बाबूकी जीवनीसे लेगी प्रेरणा: सांसद

सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

टिकारी (आससे)। प्रखण्डके सिमुआरा गांव में चौधरी तालाबके किनारे सूर्य मंदिर के समीप भारत सरकार योजना एवं विकास विभाग के तहत सांसद क्षेत्र विकास योजना से अमर शहीद जगदेव प्रसाद की स्मृति मे निर्माण कराए गए निर्माण कराए गए नव निर्मित सामुदायिक भवन का उदघाटन औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के राजद सांसद अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा एवं टिकारी विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अजय कुमार दांग ने शिलापट अनावरण किए जाने के उपरांत संर्युक्त रूप से फीता काट कर किया।

उदघाटनके उपरांत सांसद, एवं विधायकने नव निर्मित सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया और भवनकी बनावट, गुणवत्ताकी तारीक की। सांसद अभय कुशवाहाने कहा कि क्षेत्रकी आम जनता को समर्पित यह भवन महापुरुष शहीद जगदेव बाबू के नामपर करना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में इस तरह का भवन हो ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। आने वाली पीढ़ी अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जीवनी से प्रेरणा लेगी। विधायक अजय कुमारने भी कार्य की सराहना की। मंच से कार्यक्रम के आयोजक द्वारा मंच से समारोह के मुख्य अतिथि सह उद्घाटन कर्ता सांसद अभय कुशवाहा एवं विधायक अजय कुमार दांगीको माला पहना अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौकेपर कमलेश कुमार कमल, बिनोद कुमार उप मुखिया संजय शर्मा, सिदार्थ कुमार, विनोद यादव, मोहन कुमार, साधु प्रसाद, अनिल यादव, शालीग्राम यादव, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, पिंटू, हरिओम यादव, सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।



सीयूएसबी के प्रो बोनो क्लब की उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमपर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

गयाजी। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ला एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अंतर्गत संचालित प्रो बोनो क्लब द्वारा 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 : कार्यान्वयन एवं भावी दिशा' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित इस संगोष्ठी का संयोजन प्रो बोनो क्लब के नोडल अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक तथा उपभोक्ता अधिवक्ता समूह, बिहार के समन्वयक डा. देव नारायण सिंह द्वारा किया गया। उपभोक्ता अधिवक्ता समूह के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण अधि. नियम, 2019 के कार्यान्वयन, उपभोक्ता न्याय सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों तथा भारतमें उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के पश्चात् एसएलजी के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार ने स्वागत भाषण दिया। आगे डा. देव नारायण सिंहने संगोष्ठी की अवधारणा एवं उद्देश्य प्रस्तुत किए, जबकि उपभोक्ता अधिवक्ता समूह के संस्थापक एवं महासचिव पीवीवीएस मूर्ति ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का संक्षिप्त परिचय देते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

प्रथम तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय विधि विश्व. विद्यालय एवं न्यायिक अकादमी, असम के कुल. पति प्रो. डा के. वी. एस. शर्मा ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुचित व्यापार प्रथाओं एवं भ्रामक विज्ञापनों से उपभोक्ताओंकी सुरक्षा में नियामक संस्थाओं की महत्ता तथा उनकी कार्यप्रणाली की जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने अपने ज्ञान एवं अनुभव से विद्यार्थियों को विषय की महत्वपूर्ण जानकारियों से समृद्ध किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. जहीरुल इस्लाम ने उपभोक्ता न्याय की व्यवस्था में विद्यमान कमियों पर विचार प्रस्तुत किया।

मध्य विद्यालय अम्बावर में छठ महापर्व की दिखी सांस्कृतिक झलक

गयाजी। लोक आस्था और सूर्य उपासनाके महापर्व छठकी महत्ता से नई पीढ़ी को परिचित करानेके उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय अम्बावर के परिसर में छठ पूजाका भव्य सांस्क्रतिक आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में छठ महापर्व की जीवंत झांकी प्रस्तुतकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति के माध्यम से समाज को स्वच्छता, संस्कार, अनुशासन और अपनी संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बुद्धराम एवं शिक्षक दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इसमें विद्यालय की शिक्षिका प्रदक्षिणा कुमारी, अनिता कुमारी और अंकिता सिंह ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रओं ने पारंपरिक परिधानोंमें सिर पर दौरा, हाथों में सूप और उसमें फल, प्रसाद सहित पूजन सामग्री लेकर छठ घाट का दृश्य प्रस्तुत किया। वहीं छठ पूजा की पारंपरिक रीति-रिवाजों को भी आकर्षक ढंग से दर्शाया गया। बच्चों की प्रस्तुति से पूरा विद्यालय परिसर छठमय हो गया। इस अनूठी पहल को देखकर उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने बच्चों की खूब सराहना की।इस अवसर पर शिक्षक दिनेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छठ केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सूर्य, प्रकृति और जल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महान अवसर है।

फिल्म 'जय मां उमंगेश्वरी' चर्चा में

गयाजी। औरंगाबाद जिले की उमगा पहाड़ी की सुरम्य घाटी व मां उमंगेश्वरी की पावन मंदिर के आंचल मे 'जय माँ उमंगेश्वरी' की सिनेमाई यात्रा 'धार्मिक पर्यटन से लबरेज है। कभी इसी पहाड़ीके नीचे अवस्थित जुड़वा गांव दलेलचक- बघौरा सामूहिक नरसंहार कांड ने देश-विदेश का ध्यान अपनी ओर खींचा था.तत्कालीन प्रधान मंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंहको भी यहां आना पड़ा था. लेकिन आज क्षेत्र की तस्वीर बदल चुकी है. औरंगाबादके युवा कलाकार मंटू सिंह और सौरभ सम्राट तथा निर्माता विकास कुमार सुमन ने वो कर दिखाया है जिसकी प्रतिज्ञा उन्होंने कभी की थी. इस क्षेत्र और 'मां उमंगेश्वरी मंदिर' को उन्होंने देश भर मे चर्चित कर दिया है.

उमगा पहाड़ी पर अवस्थित प्राचीन सूर्य मंदिर और मां उमंगेश्वरी मंदिर मे सूर्य की उपासना और भगवतीकी उपासनाके साथ 'जय मां उमंगेश्वरी' की शूटिंग शुरू हुई. यह फिल्म उमगा पहाड़ की प्राकृतिक छटा ,धार्मिक आस्था को समेटकर फिल्म की कथावस्तु के साथ पर्यटन की अपार संभावनाओं को बड़े पर्दे पर साकार करेगी.

बिहार सरकार की नई फिल्म नीति धार्मिक ,सांस्कृतिक और आध्यात्मिक,पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्यपर आधारित है.ऐसी फिल्मों के बिहार मे निर्माण पर बिहार सरकार ने सब्सिडी देने की घोषणा कर रखी है. फीचर फिल्म 'जय माँ उमंगेश्वरी'इसी नीतिपर आधारित है.का आज औरंगाबाद जिलेके ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल उमगा में विधिवत मुहूर्त सम्पन्न हुआ. डमरू फिल्म्स एवं राम शर्मा फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले निर्मित हुई इस फिल्मके निर्माता विकास कुमार सुमन युवा और जोशो-खरोश से लबरेजहैं. फिल्म का निर्देशन दूसरे युवा अभिषेक दूबे ने किया है डीओपी विवेक हैं.फिल्म की विषयवस्तु धार्मिक और सामाजिक है जो श्रोताओंको प्रारंभसे अंत तक बांधे रखेगी. फिल्म की स्टार कास्टपर भी ध्यान दिया गया है जो फिल्मका आकर्षण है.इसके मुख्य कलाकार भोजपुरी फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री चांदनी सिंह,संजय पाण्डेय, मंटू सिंह, सौरभ सम्राट, डॉ.अमरनाथ पाठक आदि हैं.फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसका पोस्ट प्रोडक्शन कार्य बाकी है.जय मां उमंगेश्वरी फिल्म के निर्माता विकास कुमार सुमन, निर्देशक अभिषेक दूबे और डायरेक्टर आफ फोटोग्राफी विवेक जी ने बताया कि उमगा पहाड़ी पर अवस्थित सूर्य मंदिर और उमंगेश्वरी मंदिर धार्मिक आस्था, संस्कृति की न सिर्फ इतिहास साक्षी है बल्कि यहां की सुरम्यता फोटोग्राफी के लिए लाजवाब है. फिल्म की शूटिंग उमगा पहाड़ीके अलावा औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्राकृतिक, धार्मिक, ग्रामीण एवं सांस्कृतिक स्थलों यथा देव, पवई, रिसियप, मंगुराही, अम्बा आदिमे की गयी है. 'जय मां उमंगेश्वरी' स्थानीय कलाकारोंको भी भरपूर मौका दिया गया है.

प्रस्तुतिः डॉ.अमरनाथ पाठक

47वीं बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय में धूमधाम से मनी दीपावली

गयाजी। दीपावली के पावन पर्व पर 47वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) मुख्यालय में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट अवधेश कुमार ने सर्वप्रथम विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने सुख, शांति, समृद्धि और



सभी जवानों के मंगलमय जीवन की कामना की।पूजा-अर्चनाके बाद बटालियनके अधिकारियों एवं जवानों ने एक-दूसरे को दीपावलीकी शुभकामनाएं दीं। इसके बाद जवानोंने पूरे मुख्यालय परिसरमें दीप जलाकर रोशनीकी आकर्षक छटा बिखेरी। दीपों की जगमगाहट के बीच जवानों ने आतिशबाजीकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान मुख्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। देश की आंतरिक सुरक्षा और सेवामें सदैव तत्पर रहने वाले जवानों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपावलीका पर्व मनाया। इस आयोजन ने जवानोंके बीच आपसी भाईचारे, सामूहिक एकजुटता और पारिवारिक सौहार्द की भावना को और मजबूत किया। त्योहारके उल्लासने मुख्यालय के वातावरणको खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

छठ के मद्देनजर गया जंक्शन पर विशेष तैयारियां, अपर समाहर्ता ने किया निरीक्षण

गयाजी। लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर गया रेलवे स्टेशन आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्टेशन पर कदम रखते ही बाहर से अपने घर लौट रहे यात्रियों को बिहार की लोक संस्कृति और आस्थासे जोड़ने के लिए पूरे स्टेशन परिसर में पारंपरिक छठ महापर्व के सुमधुर गीत बजाए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और छठमय हो गया है।त्योहार के उत्साह को दोगुना करने के लिए गया रेलवे स्टेशन के बाहरी एवं आंतरिक परिसरों को आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग से भव्य रूप में सजाया गया है। जगमगाती रोशनी और छठके पावन गीतोंके संगम से स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।इसी क्रम में आज अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) रवि शंकर कुमार द्वारा गया रेलवे स्टेशन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ महापर्व के मद्देनजर स्टेशन पर उमड़ने वाली यात्रियों की भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। रवि शंकर कुमारने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान किसी भी यात्री या श्रद्धालु को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर समुचित और पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन के आपसी समन्वय से यात्रियों की सुगम, सुरक्षित और सुखद यात्र के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

आवासीय इंडियन अकादमीमें बच्चों ने बनाई मनमोहक रंगोली

परैया (ससू)। प्रखंड क्षेत्र स्थित आवासीय इंडियन अकादमी में स्कूली बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार रंगोलियां बनाईं.विद्यालय परिसरमें आयोजित इस विशेष गतिविधि के दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगों और डिज़ाइनोंका उपयोग कर आकर्षक और मनमोहक रंगोली उकेरी, जिसने देखने वाले हर व्यक्ति का मन मोह लिया.कार्यक्रम के दौरान विद्यालयके निदेशक मिथिलेश कुमार और प्रिंसिपल नितिन कुमार ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोलियों का बारीकी से निरीक्षण किया और उनकी इस कलात्मक प्रतिभा की सराहना की. इस अवसर पर निदेशक मिथिलेश कुमार ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजनों से बच्चोंके अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है और उनके बौद्धिक व मानसिक विकासको बढ़ावा मिलता है. रंगोली बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

प्रथम पृष्ठ का शेष

सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के...

आधार पर पूरा कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों के साथ जोड़ना है, ताकि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने में आसानी हो।

76 हजार स्कूलों में बुनियादी...

विद्यालय भवनों की छोटी-मोटी मरम्मत, रंग-रोगन, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव समेत अन्य जरूरी कार्य कराए जा सकेंगे। इसके अलावा शिक्षण गतिविधियों के संचालन में आने वाली आवर्ती आवश्यकताओं को भी पूरा करने में इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा। स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त रखने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में भी यह राशि मददगार होगी। कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध होने से स्कूलों को अपनी वास्तविक जरूरतों के आधार पर काम कराने में सहूलियत होगी। किसी स्कूल में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत होगी, तो कहीं शौचालय या कक्षा-कक्षों की मरम्मत प्राथमिकता हो सकती है। इसी तरह बिजली, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। इससे स्कूलों को छोटी समस्याओं के लिए बार-बार विभागीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस पहल से राज्य के 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का रास्ता खुलेगा। विद्यालयों के रखरखाव के लिए नियमित रूप से संसाधन उपलब्ध होने से भवन और परिसर की स्थिति बेहतर रखने में मदद मिलेगी। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

पीएम कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स...

शामिल रहेगा. इसके साथ ही बिहार की कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा. इससे राज्य में विकास से जुड़ी परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि वैशाली में 1243 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है. इस भूमि पर पार्क निर्माण की योजना है. प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बिहार के विकास से जुड़ी इन योजनाओं को भी प्रमुखता दी जाएगी.

बिहार में 20 नवंबर को नई सरकार के गठन का एक साल पूरा हो रहा है. इसके अगले ही दिन यानी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पहुंचेंगे. एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का वैशाली आगमन ऐतिहासिक और यादगार होगा. नेताओं ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री के आगमन के बाद वैशाली विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी. उनके दौरे को लेकर गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता भी तैयारियों में जुटेंगे.

उत्तराखंड स्थापना दिवस पर...

लिखा कि कुछ वर्ष पहले बाबा केदार के चरणों में उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज यहां के लोगों का परिश्रम और संकल्प उस विश्वास को साकार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा कि उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के समान विकास के लिए काम कर रही है। राज्य की कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दशक के दौरान काफी विस्तार हुआ है। कभी दुर्गम और दूरस्थ माने जाने वाले क्षेत्र आज विकास और सुविधाओं से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने करीब 890 किलोमीटर लंबी चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। वहीं, 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर काम चल रहा है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम होगा। देहरादून एयरपोर्ट के विस्तार, पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के संचालन और पंतनगर एयरपोर्ट के विकास से हवाई कनेक्टिविटी भी मजबूत हुई है। पत्र में प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने सीमावर्ती गांवों को देश की सुरक्षा और सामर्थ्य का प्रतीक बताते हुए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत वहां पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हजारों होमस्टे के माध्यम से स्थानीय परिवारों की आय के नए स्रोत विकसित हुए हैं।

संपन्न परिवारों से बिजली...

संसद के दौरान भी संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से आदिवासी क्षेत्रों में जाकर दलित और अत्यंत पिछड़े समुदायों के लोगों के साथ दीपावली मनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इन समुदायों के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए और उनके जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी को मिलकर मनाना चाहिए और कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से वह खुद भी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों के बीच पहुंचे हैं।

आगरा एक्स.-वे पर...

घटना पारा थाना क्षेत्र के पास हुई है। यहां सवारियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 50 से 60 यात्री सवार थे और ये बस राजस्थान के रेवाड़ी से बिहार के छपरा जा रही थी। बस पलटने की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एसडीआरएफ और फायर विभाग की टीमों ने मिलकर सभी को रेस्क्यू किया है। दूसरी ओर यूपी के मुजफ्फरनगर में भी भीषण हादसा हुआ। यहां एक बेकाबू कार हाईवे पर पोल से टकरा गई जिसके बाद 6 लोग जिंदा जल गए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ पारा में हुए सड़क हादसे से की घटना का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रभावितों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल पहुंच कर हादसे में घायल हुए मरीजों का हालचाल जाना है। उन्होंने सभी घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी है कि ये हादसा एक्सप्रेसवे पर पहले टोल प्लाजा के पास सुबह 6 बजे से 6:30 बजे के बीच हुआ है। घायलों में से तीन को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया (दो को लोक बंधु अस्पताल में और एक को ट्रामा सेंटर में)। 31 घायल यात्रियों को लोक बंधु अस्पताल में और 13 अन्य को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

स्कार्पियो से कुचलकर दो सगे...

अस्पताल, आरा में चल रहा है। फिलहाल तीन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक पांच भाई हैं और सभी ट्रक चलाकर ही अपने परिवार की आजीविका चलाते थे। मृतकों में बड़े भाई दिनेश यादव थे। वहीं, हादसे में जान गंवाने वाले कमलेश यादव की बेटी की शादी अप्रैल 2027 में तय थी, जिसकी तैयारियां चल रही थीं। अचानक हुई इस घटना से परिवार की खुशियां उजड़ गईं और स्कार्पियो ड्राइवर घर के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, रमडिहरी गांव के सूर्य मंदिर के समीप सड़क के किनारे सभी लोग मौजूद थे। बताया जा रहा है कि पहले से ही गांव में वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा था और मृतक गलत कार्यों का विरोध करते थे। घटना की रात स्कार्पियो ड्राइवर और मृतकों के बीच किसी बात को लेकर तू-तू मैं-मैं (बहस) हुई थी। इसके अलावा, चर्चा है कि वह स्कार्पियो हाल ही में गांव में आई थी और चालक उसे काफी तेजी व लापरवाही से चलाता था, जिसको लेकर पहले भी विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी रंजिश और विवाद के दौरान स्कार्पियो चालक ने सड़क के किनारे खड़े लोगों को जानबूझकर रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष विपिन बिहारी, टीओपी प्रभारी रामस्वरूप यादव और पीएसआई रौशन कुमार दल-बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा। आक्रोशित लोगों ने बिहिया चौरास्ता सलेमपुर बेलवनिया पथ स्थित रामडिहरा में सड़क लगभग दो घंटे जाम कर दिया गया। डीएसपी रवि कुमार के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।

बख्शे नहीं जायेंगे...

लोगों ने सड़क जाम करके बवाल किया।यह वारदात जिले के के बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप रविवार देर रात की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुआवजे का ऐलान किया और पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव में आपसी विवाद के बाद तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतकों के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान के रूप में 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। प्रशासन को सभी घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने तथा घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सीएम ने कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हैं। गांव के लोगों ने बताया कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी रामनरेश यादव के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव और 50 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दिनेश यादव के बेटे ने बताया कि जानबूझकर उनकी हत्या की गई है। इस घटना में गांव के राजेश कुमार, रितु कुमार, कृष्णा कुमार एवं रमेश यादव सहित एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गए। सभी घायलों को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताया जाता है कि दीपावली की रात रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप जब सभी लोग पूजा करने के बाद छठ पूजा का गाना बजा रहे थे। तभी शराब के नशे में स्कार्पियो सवार दस बदमाश आए गाना बंद करने के लिए कहने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई, जिसके बाद स्कार्पियो सवार सभी बदमाश स्कोर्पियो पर बैठे और पीछे जाकर तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो से सभी को रौंद दिया। सगे भाई दिनेश यादव एवं कमलेश यादव की मौत हो गई, जबकि छह लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले स्कॉर्पियो सवार बदमाश फरार हो चुके थे।

दिसंबर 2028 तक गुजरात को...

या तो पूरी हो चुकी हैं या आज यहां शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं रामापीर टेकरा के बारे में बात करना चाहता हूं। मेरे करियर की शुरुआत इसी रामापीर टेकरा से हुई थी। 1985 में जब मैं वोटर कार्ड और पर्चियां बांटने के लिए रामापीर टेकरा जाता था, तो वहां दोनों तरफ घरों की कतारें थीं और बीच में गंदा नाला और सीवेज का पानी बहता था। वहां पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था, बीमारियां फैल रही थीं, बच्चों के लिए पढ़ाई-लिखाई की कोई सुविधा नहीं थी और छोटे-मोटे अपराध बहुत होते थे। 2007 में जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पक्के घर देने के लिए एक योजना शुरू की। वर्षों तक इस योजना में कई सुधार किए गए और अब मैंने रामापीर टेकरा के निवासियों को दिए जा रहे घरों का दौरा किया है।

अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को बधाई। आपको बहुत शानदार घर मिले हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे प्राइवेट बिल्डरों द्वारा बनाए गए फ्लैट होते हैं। ये साफ-सुथरे घर हैं, जिनमें पंखे भी लगे हैं। जब यह पूरा प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएगा, तो इसी परिसर के अंदर 55,000 से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन, लाइब्रेरी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन उन्होंने कभी गरीबों की मदद नहीं की। रामापीर टेकरा की हालत देखिए। आज यहां के लोगों को घर मिल रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्हें घर मिल रहे हैं। आज बोपल-घुमा में एक पंप हाउस के लिए भूमि पूजन किया गया। बारिश के समय लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। वह इलाका मेरा और भूपेंद्र भाई का चुनाव क्षेत्र है। वहां बहुत पानी जमा हो जाता है। मैंने उनसे वादा किया था कि अगली बार से वहां पानी जमा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, काली चौदस के अवसर पर गुजरात और केंद्र सरकार के साथ एक बैठक हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण चर्चा यह थी कि गुजरात को नशा-मुक्त बनाना है। आप बस एक कॉल (1033) करें और गुजरात सरकार नशा बेचने वालों को जेल में डाल देगी। नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर देता है। यह युवाओं को नष्ट कर देता है। नशे से कमाया गया पैसा देश में आतंकवाद के लिए इस्तेमाल होता है। हमने नक्सलवाद को खत्म किया है। अब हमें दिसंबर 2029 तक पूरे देश को नशा-मुक्त बनाना है। हमें दिसंबर 2028 तक गुजरात को नशा-मुक्त करना है। समाज और माता-पिता, सभी को सतर्क रहना होगा। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९३८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।